Candle-Light Procession by Nurses of Delhi

210. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHAJI RAO SHINDE:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the Delhi Nurses Union took out a candle-light procession in New Delhi in September, 1997 against the recommendations of the Fifth Central Pay Commission;

(b) if so, what are their main demands; and

(c) the Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) Yes, Sir.

(b) The demands were:

1. Upgradation of pay scales.
2. Better promotional avenues.
3. Increase in various nursing allowances.
4. Providing Government accomodation.
5. Separate Dte. of Nursing in the Ministry/ Directorate General of health Services.
6. Filling up of vacant posts.

(c) In Pursuance of an Agreement reached with Delhi Nurses' union on 9.9.1997, action has been initiated on all the matters agreed upon.

वसन्त कुंज नई दिल्ली में सी॰जी॰एच॰एस॰ औषधालय खोलना

211. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वसन्त कुंज नई दिल्ली में वहां रह रहे सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लाभ के लिए सी॰जी॰ एच॰ एस॰ औषधालय खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त औषधालय कब तक खोला जायेगा;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या इस संबंध में कोई निवेदन प्राप्त हुए हैं, यदि हां तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी): (क) से (घ) यद्यपि वसंत कुंज, नई दिल्ली में केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना का औषधालय खोलने के लिए बहुत अनुरोध प्राप्त हुए हैं फिर भी केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना के नेटवर्क का विस्तार संसाधनों की संभाव्यता, आवश्यकता उपलब्धता आदि और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना के नियमों को पूरा करने की शर्त पर धीरे-धीरे किया जा रहा है।

कुष्ठ रोगियों पर सर्वेक्षण

212. **प्रो॰ राम बख्श सिंह वर्मा:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में कुष्ठ रोगियों के संबंध में कोई सर्वेक्षण करवाया है;

(ख) यदि हां, तो उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई; और

(घ) इस अवधि के दौरान क्या इस रोग के रोगियों की कमी पाई गई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी): (क) और (ख) राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा अपने रोजमर्रा के काम के रूप में कुष्ठ सर्वेक्षण किया जा रहा है।

मार्च 1997 तक देश में 0.54 मिलियन पंजीकृत कुष्ठ रोगी थे। कुष्ठ रोगियों का राज्यवार विवरण दिया गया है। (**नीचे देखिए**)।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा आवंटित कुल धनराशि नीचे दी गई है:—

	(करोड़ रुपये में)
1994-95	94.00
1995-96	72.00
1996-97	68.00

(घ) जी, हां। व्याप्तता दर मार्च 1994 में 10.12/10000 से घटा कर मार्च 1997 तक 5.75/10000 हो गई है।